Title: Request to provide roads, railway and other facilities for the year 2003 Kumbh Mela at Trayambkeshwar.

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : अध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश में पवित्र गंगा बहती है। उसके किनारे पर इलाहाबाद शहर है। वहां कुम्भ मेले की तैयारी शुरु हो गई है। इस संबंध में केन्द्र सरकार ने ज्यादा से

ज्यादा मदद की है। ऐसी स्थिति दक्षिण भारत में है। वहां गोदावरी नाम की नदी है। उसके तट पर नासिक और त्रयंबकेश्वर है। सन् 2003 में कुम्भ मेला होने वाला है। मेरी केन्द्र सरकार से विनती है कि वह सड़क, रेलवे और अन्य सुविधा के बारे में ज्यादा से जयादा मदद करे।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : अध्यक्ष जी, मैं भी अपने आप को इनके साथ एसोशिएट करता हूं।